# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक:एफ.14(  )शैक्ष.।।/मदसविवि/2026/ 0004 दिनांकः 22/5/26

सचिव,
श्री बी.आर.खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान,
कुचामन सिटी, डीडवाना–कुचामन(राज0)–341508

विषयः–प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति के क्रम में।
संदर्भः– आपका पत्रांक 942 दिनांक 11.05.2026 व विश्वविद्यालय परिनियम 17 (5)(क) (ख) की पालनार्थ चयन समिति के सदस्यों की सूची।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित के क्रम में आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में प्राचार्य एवं शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन समिति के सदस्यों में कुलगुरू महोदय के आदेशानुसार निम्न चयन समितियों में निम्नानुसार सदस्यों की नियुक्ति की जाती हैः–

1. **प्राचार्य की नियुक्ति हेतु चयन समिति– में विश्वविद्यालय परिनियम 17 (5)(क) के अनुसार तीन शिक्षक निम्नानुसार हैः–**

- प्रो. मनोज बेहरवाल, प्राचार्य, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर।
- डॉ. मनीषा गोदारा, प्राचार्य, बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
- प्रो. हरसुख राम छारंग, प्राचार्य, श्री बलदेव राम मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर।

2. **शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन समिति– में विश्वविद्यालय परिनियम 17 (5)(ख) के अनुसार दो विषय विशेषज्ञ एवं एक विश्वविद्यालय प्रतिनिधि निम्नानुसार हैः–**
   **चयन समिति में दो विषय विशेषज्ञ हेतुः–**

- डॉ. अजय शर्मा, सहा. आचार्य, राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना, नागौर।
- डॉ. पदमा राम, राजकीय महाविद्यालय, नांवा ।

**विश्वविद्यालय प्रतिनिधिः–**

- प्रो. हरसुख राम छारंग, प्राचार्य, श्री बलदेव राम मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर।

कुलसचिव

**B. R. KHOKHAR MEMORIAL SHIKSHAK PRASHIKSHAN MAHAVIDYALAYA**
**Run by: B. R. Khokhar Memorial Shikshan Sansthan Kuchaman City**
**Regd. Address:** Padampura Road, Kuchaman City-341508 (Didwana-Kuchaman), Rajasthan
**(Society Reg. No.: 145/Nagaur/2000-2001)**
**Contact:** 01586-222777, 9549656712 | **Email:** brkeducation@gmail.com | **Website:** www.brkeducation.com

**Ref.: 942** **Date: 11.05.2026**

सेवा में,

श्रीमान कुलसचिव महोदय,

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,

अजमेर (राज.)

विषय: महाविद्यालय में सत्र 2026–27 ITEP इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य, HOD एवं शिक्षकों का विधिवत अनुमोदन करवाने बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि **बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कुचामन सिटी** द्वारा सत्र 2026–27 में चार वर्षीय ITEP बी.ए.बी.एड./बी.एससी. बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

अतः महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अधिनियम के नियमानुसार प्राचार्य, HOD एवं शिक्षकों की नियमित नियुक्ति एवं विधिवत अनुमोदन प्रदान करने की कृपा करें, ताकि आवश्यक समस्त प्रक्रियाएँ समय पर पूर्ण की जा सकें।

धन्यवाद।

संलग्न:

1- समाचार पत्र में विज्ञापन की प्रतिलिपि।

12/5/26

सचिव
बी.आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

**B. R. KHOKHAR MEMORIAL SHIKSHAK PRASHIKSHAN MAHAVIDYALAYA**
(राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) New Delhi द्वारा मान्यता प्राप्त एवम् म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त)
**Run by: B. R. Khokhar Memorial Shikshan Sansthan Kuchaman City**
**Regd. Address:** Padampura Road, Kuchaman City-341508 (Didwana-Kuchaman), Rajasthan
**(Society Reg. No.: 145/Nagaur/2000-2001)**
**Contact:** 01586-222777, 9549656712 | **Email:** brkeducation@gmail.com | **Website:** www.brkeducation.com

**Ref.:972** **Date: 01.06.2026**

सेवा में,
श्रीमान कुलसचिव महोदय,
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,
अजमेर (राजस्थान)

विषय : विश्वविद्यालय परिनियम 17(5)(क) एवं 17(5)(ख) के अनुसार प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन समिति की कार्यवाही तथा स्टाफ अनुमोदन के संबंध में।

संदर्भ :NCTE] WRC द्वारा जारी Letter of Intent (LOI) पत्रांक NCTE/WRC/2627202509122184 /RAJASTHAN/2025/LOI दिनांक 18.05.2026, विश्वविद्यालय पत्रांक एफ.14/शैक्ष.–II/मदसविवि/2026/0004 दिनांक 22.05.2026

महोदय,
उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में निवेदन है कि B. R. Khokhar Memorial Shikshak Prashikshan Mahavidyalaya, Padampura Road, Kuchaman City को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE), पश्चिमी क्षेत्रीय समिति (WRC), नई दिल्ली द्वारा Integrated Teacher Education Programme (ITEP) संचालित करने हेतु दिनांक 18.05.2026 को Letter of Intent (LOI) जारी किया गया है।
Letter of Intent में वर्णित शर्तों के अनुसार योग्य प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों की नियुक्ति कर उनकी सूची विश्वविद्यालय से अनुमोदित करवाकर NCTE को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नामित चयन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विश्वविद्यालय परिनियम 17(5) (क) एवं 17(5) (ख) के अनुसार चयन प्रक्रिया सम्पन्न की जा चुकी है तथा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी कर कार्यग्रहण भी करवा दिया गया है। महाविद्यालय द्वारा नियुक्त समस्त शिक्षकों, विभागाध्यक्षों एवं प्राचार्य की शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव प्रमाण–पत्रों, नियुक्ति आदेशों, कार्यग्रहण प्रतिवेदनों तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का संकलन कर लिया गया है। साथ ही NCTE द्वारा निर्धारित Format for Particulars of Staff भी पूर्ण कर लिया गया है, जिसे निर्धारित समयावधि में NCTE, WRC को प्रेषित किया जाना है।
अतः आपसे सादर अनुरोध है कि महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत चयन समिति की कार्यवाही (Minutes), नियुक्ति आदेश, जॉइनिंग रिपोर्ट एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण कर NCTE द्वारा निर्धारित प्रारूप में स्टाफ सूची का अनुमोदन/सत्यापन कराने की कृपा करें, ताकि निर्धारित समयावधि में समस्त अभिलेख NCTE, WRC को प्रेषित किए जा सकें तथा ITEP पाठ्यक्रम की मान्यता प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके।
महाविद्यालय इस कार्य हेतु आपका सदैव आभारी रहेगा।

सचिव
बी.आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

संलग्नक :
1. NCTE, WRC द्वारा जारी Letter of Intent (LOI) की प्रति।
2. विश्वविद्यालय द्वारा नामित चयन समिति सदस्यों की सूची।
3. विश्वविद्यालय परिनियम 17(5)(क) की पालनार्थ प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (HOD) चयन समिति की कार्यवाही (Minutes) की मूल प्रति।
4. विश्वविद्यालय परिनियम 17(5)(ख) की पालनार्थ शिक्षकों की चयन समिति की कार्यवाही (Minutes) की मूल प्रति।
5. नियुक्ति आदेश (Appointment Letters) की प्रतियाँ।
6. कार्यग्रहण प्रतिवेदन / Joining Reports की प्रतियाँ।
7. NCTE Format for Particulars of Staff
8. प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों के शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य आवश्यक प्रमाण–पत्रों की प्रतियाँ।
9. शिक्षकों द्वारा अन्य किसी संस्था में कार्यरत न होने संबंधी शपथ–पत्र।
10. अन्य आवश्यक दस्तावेज।

Date 01-06-26